भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +3453

सोमवार, 15 जुलाई, 2019/**24** आषाढ़, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थल के रूप में असम के स्थानों का विकास

+**3453.** श्री गौरव गोगोईः

श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने असम के कुछ हिस्सों को अधिक पर्यटकों के अनूकूल बनाने की कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो क्या इन योजनाओं में बोर्दोवा थान, बोरभेती, मल्लो पाथर, जोरहाट अठखेलिया, कलियाबोर और सोनबेल जैसे स्थानों को विशेष रूप से पर्यटन और छुट्टी गंतव्य के रूप में विकसित करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को "स्वदेश दर्शन योजना" के अंतर्गत असम सरकार, के पर्यटन विभाग से सोनबिल पर्यटक स्थल के विकास के बारे में कोई व्यापक प्रस्ताव मिला है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा आवश्यक निधि के आवंटन के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है;

(ङ) क्या सरकार ने पर्यटन परियोजना के लिए लोगों की चिर प्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं/उठाने का विचार है, क्योंकि इसमें घरेलू और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन की अपार संभावना है; और

(च) क्या सरकार का विचार सोनबिल, एशिया के सबसे बड़े जल निकाय में से एक में परियोजना के लिए के एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट हेतु प्रतिष्ठित सलाहकार की सेवाएं लेने की व्यवस्था करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च) : पर्यटन गंतव्यों की पहचान एवं विकास करना मुख्यतः राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों का उत्तरदायित्व है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अन्तर्गत सुनियोजित और प्राथमिकता पद्धति में पर्यटन क्षमता रखने वाले देशभर के अभिज्ञात परिपथों/स्थलों में पर्यटन अवसंचना विकासित कर रहा है।

उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत विकास के लिए परियोजनाएं राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से चिह्नित की जाती हैं और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों का अनुपालन तथा पूर्व में निर्मुक्त निधियों की उपयोगिता की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं। उपरोक्त मानदण्डों के आधार पर मंत्रालय ने उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत असम में निम्नलिखित परियोजनाएं स्वीकृत की है:-

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	परिपथ/स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
स्वदेश दर्शन योजना			
1	वन्य जीव परिपथ (2015-16)	मानस- प्रोबितोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू-सेखोवा का विकास	**95.67**
2	विरासत परिपथ (2016-**17)**	तेजपुर-माजुली-सिबसागर का विकास	**98.35**
प्रशाद योजना			
3	कामाख्या (2015-16)	कामाख्या मंदिर और गुवाहाटी के आस-पास तीर्थ गंतव्य का विकास	33.98

असम में बोरदोवा, थान, बोरभेती, मालो पठार, जोरहाट अठकेलिया, कालियाबोर और सोनबील के विकास के लिए असम सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

****